दीनदयाल रसोई : खाना खानापूर्ति तक सीमित

विश्वासराव सब्जी मंडी में दीनदयाल रसोई का हाल बेहाल

नवभारत न्यूज

सतना, 4 अगस्त. ज़रूरतमंद की थाली, नहीं रहेगी खाली — मध्य प्रदेश सरकार की इस अति-महत्वाकांक्षी दीनदयाल रसोई योजना का उद्देश्य गरीब, मजदूर और असहाय लोगों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक व सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराना था। परंतु विश्वासराव सब्जी मंडी स्थित दीनदयाल रसोई केंद्र में यह योजना सिर्फ कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है।

धरातल पर योजना का लाभ देने के नाम पर लापरवाही और घोर अव्यवस्था का आलम यह है कि जरूरतमंदों की मजबूरी का सरेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। रसोई केंद्र में दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता इस कदर गिर चुकी है कि उसे पौष्टिक कहना तो दूर, सही ढंग से पका हुआ भी नहीं कहा जा सकता। थाली में परोसी जाने वाली दाल में दाल के दाने कम और पानी ही पानी नजर आता है। दाल को सही तरीके से उबाला तक नहीं जाता, जिससे खड़े दाने तैरते दिखाई देते हैं। सब्जी की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। उसमें किसी तरह का स्वाद ही नहीं होता, बिना देखे खाया जाए तो यह पहचानना भी मुश्किल हो जाता है कि सब्जी आखिर किस चीज की बनी है। वहीं, रोटियों का आटा सही से न गुंथे होने के कारण वे इतनी सख्त होती हैं कि मानो कोई पापड़ खा रहा हो।

रसोई परिसर की स्वच्छता की बात करें तो ऐसा लगता है कि महीनों से यहाँ झाड़ू और पोछा तक नहीं लगा है। चारों तरफ फैली गंदगी और बदबू के कारण किसी आम इंसान का वहाँ खड़ा होना भी दूभर है। रसोई परिसर में स्वच्छता और सुविधाओं का बुरा हाल है। लाभार्थियों के बैठने के लिए रखी गईं अधिकांश कुर्सियां टूटी पड़ी हैं, वहीं भोजन बनाने के दौरान सुरक्षा-मानकों की सरेआम अनदेखी की जा रही है। साफ-सफाई का कोई ध्यान न रखते हुए कच्ची सामग्री को खुले में छोड़ दिया जाता है और पकाने के बाद भी भोजन को ढका नहीं जाता, जिससे उड़ती धूल-मिट्टी और भिनभिनाती मक्खियों के बीच असुरक्षित माहौल में खाना तैयार हो रहा है।

गंदगी का अंबार, टूट-फूट का शिकार भवन

इस दीनदयाल रसोई में प्रतिदिन औसतन 250 लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाता है। यहाँ भोजन वितरण का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित है। इस व्यवस्था को संचालित करने के लिए कुल 10 कर्मचारियों का स्टाफ तैनात है, जिनमें 3 पुरुष और 7 महिलाएं शामिल हैं लेकिन इस कार्यबल के बावजूद रसोई में अव्यवस्था और लापरवाही का माहौल बना हुआ है।

मजबूरी का उठाया जा रहा फायदा

इस केंद्र पर आने वाले मजदूरों और गरीबों के पास सीमित संसाधनों के कारण दूसरा कोई विकल्प नहीं है। पेट की आग बुझाने के लिए वे इस गुणवत्ताहीन और असुरक्षित भोजन को खाने पर मजबूर हैं।

शहर में सबसे अच्छी रसोई हमारी : पुष्पेन्द्र

ठेकेदार पुष्पेंद्र पांडेय ने बताया कि शहर में जितनी भी दीनदयाल रसोई है उसमें से सबसे अच्छा खाना हमारे यहां मिलता है। भवन में साफ सफाई नगर निगम द्वारा किया जाता है। अगर खाने की गुणवत्ता में कुछ है तो उसमें सुधार कराया जाएगा।

लापता बालक का 9 दिन बाद नहर में मिला

5 किमी दूर रेलिंग में फंसी मिली लाश

नवभारत न्यूज

सतना, 4 अगस्त. कोलगवां थाना क्षेत्र से 9 दिन पहले लापता हुए 15 वर्षीय प्रियांशु माखीजा का शव मंगलवार सुबह सकरिया गांव के पास नहर की रेलिंग में फंसा मिला। शव बुरी तरह सड़ चुका था। बाबूपुर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।



दोपहर में परिजनों ने शव की शिनाख्त प्रियांशु के रूप में की। प्रियांशु पीएम आवास, उतैली वार्ड क्रमांक-22 का निवासी था। वह 27 जुलाई की शाम करीब 6 बजे दोस्त सुमित के घर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने 28 जुलाई को कोलगवां थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

इससे पहले, 1 अगस्त को नगर वन के पास नहर किनारे प्रियांशु के कपड़े और चप्पल मिले थे। उसकी मां कोमल माखीजा ने इन सामानों की पहचान की थी। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ टीम के साथ गोताखोरों और बोट की मदद से नहर में करीब एक किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन चलाया था, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

ग्रामीणों ने दी सूचना

मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने नगर वन से लगभग 5 किलोमीटर दूर सकरिया गांव के पास नहर की रेलिंग में एक शव फंसा देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की हालत खराब होने के कारण तत्काल पहचान नहीं हो सकी, लेकिन दोपहर में परिजनों ने पुष्टि की कि यह शव प्रियांशु का ही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

भैंस चराने निकले बुजुर्ग का तालाब में मिला शव

तालाब किनारे मिली लाठी और चूने की डिब्बी

नवभारत न्यूज

सतना, 4 अगस्त. जिले के नागौद थाना क्षेत्र के डुडही गांव में भैंस चराने निकले 56 वर्षीय बुजुर्ग का शव मंगलवार सुबह गांव के तालाब से बरामद होने पर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

बुजुर्ग सोमवार शाम से लापता थे।परिजनों ने पूरी रात गांव और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार डुडही गांव निवासी हीरालाल चौधरी सोमवार शाम रोज की तरह अपनी भैंस चराने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए और उनकी तलाश शुरू की। पूरी रात खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह दोबारा तलाश के दौरान तालाब किनारे उनकी लाठी और चूने की डिब्बी मिली। इसके बाद परिजनों ने तत्काल डायल-112 और पोड़ी चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तालाब में रेस्क्यू अभियान चलाया। काफी प्रयास के बाद तालाब से उनका शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर इसे डूबने से हुई मौत माना जा रहा है, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुराना पावर हाउस चोरी मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 4 अगस्त. शहर के पुराना पावर हाउस क्षेत्र में स्थित एक सूने घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी करने वाले आरोपियो को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चोरो द्वारा चुराये गये सोने चांदी के जेवरात व नगदी को बरामद पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है।

सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को फरियादी विपुल जैन निवासी आस्था कुटी पुराना पावर हाउस के पास के द्वारा रिपोर्ट किया गया कि वे दोपहर 03.00 बजे अपने घर मे ताला लगाकर परिवार के साथ इचौल उचेहरा घूमने चला गए थे। जब रात्रि मे वापस आकर देखा तो घर के अन्दर आलमारी खुली पडी थी व उसमे रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी रखी रकम नही थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना से संबधित प्रत्येक पहलुओ पर कडी से कडी जोडते हुये सीसीटीवी फुटेज व सायबर सेल सर्विलांस के मदद से आरोपियो को चिन्हित किया। जिसके चलते आरोपी ताहिर खान 19 वर्ष निवासी परवाखेडा कैपिटल सिटी भोपाल को पकडकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि उसके द्वारा चोरी की गई और चुराया गया माल लेकर सतना से छतरपुर बस मे बैठकर गया। जिसके बाद छतरपुर से फिर से बस मे बैठकर भोपाल गया। वहा पहुचकर पूर्व से परिचित दोस्त इमरान व फराज खान को चोरी किया गये सोने चांदी के जेवरात औने पौने दाम मे बेच दिया। लिहाजा आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जो प्रकरण मे अन्य लोगो के संलिप्त होना बताया गया। जिनकी पता तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियो के पास से कुल 1894000 रू का चोरी गया सामान जप्त किया गया ।

आयुष्मान कार्ड शिविर 5 तक संजीवनी हॉस्पिटल कृपालपुर में

नवभारत न्यूज

सतना 04 अगस्त. म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह विशेष शिविर 5 अगस्त तक संजीवनी हॉस्पिटल कृपालपुर (सतना) में आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों तथा उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनाए जाएंगे, जिससे वे भविष्य में शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के तहत नि:शुल्क उपचार का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग सतना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि क्षेत्र के आसपास निवासरत सभी निर्माण श्रमिक निर्धारित तिथियों में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। यह योजना श्रमिकों के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिसके माध्यम से गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। श्रम विभाग द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करें।

श्रद्धालुओं को डाकघरों में मिलेगा शुद्ध गंगाजल

सतना 04 अगस्त. पवित्र सावन मास के अवसर पर शिव भक्तों और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग सतना संभाग द्वारा एक सराहनीय एवं जनहितकारी पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत सतना संभाग के प्रमुख डाकघरों में शुद्ध गंगाजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को जलाभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आसानी से गंगाजल प्राप्त हो सके। डाक विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 250 मिलीलीटर की आकर्षक पैकिंग में शुद्ध गंगाजल मात्र 30 रुपए के किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

राखी बुकिंग के लिए विशेष काउंटर

27 अगस्त तक रहेंगे संचालित

नवभारत न्यूज

सतना 04 अगस्त. रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर भारतीय डाक विभाग के सतना संभाग द्वारा बहनों की भावनाओं को समय पर उनके प्रियजनों तक पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

राखियों के त्वरित एवं सुगम प्रेषण को सुनिश्चित करने हेतु सतना संभाग के प्रमुख डाकघरों में विशेष राखी बुकिंग काउंटर प्रारंभ किए गए हैं। अधीक्षक डाकघर सतना संभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रधान डाकघर सतना तथा मुख्य डाकघर पन्ना और मैहर में ये विशेष काउंटर स्थापित किए गए हैं। यह काउंटर 3 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक (रविवार को छोड़कर) प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक लगातार संचालित रहेंगे।

त्योहारी सीजन में डाकघरों में बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि ग्राहकों को लंबी कतारों में न खड़ा होना पड़े और उनकी राखियां समय पर सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। डाक विभाग द्वारा अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था, त्वरित पार्सल प्रोसेसिंग एवं बेहतर प्रबंधन के माध्यम से सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। डाक विभाग ने सतना संभाग के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते अपनी राखियां भेजें और इस विशेष सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत सांगठनिक कुशलता का परिणाम

नवभारत न्यूज

सतना,04 अगस्त. दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर जिला कांग्रेस कमेटी सतना में भारी उत्साह का माहौल है।

इस शानदार विजय पर जिला कांग्रेस कमेटी सतना, सभी प्रकोष्ठों, मंचों, विभागों तथा समस्त निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने दतिया उपचुनाव प्रभारी, जिला कांग्रेस कमेटी सतना के अध्यक्ष व सतना के लोकप्रिय विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को इस ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व, प्रदेश संगठन प्रभारी हरीश चौधरी , सह संगठन प्रभारी रणविजय सिंह एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। शीर्ष नेतृत्व ने सतना के लोकप्रिय विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास और भरोसा जताते हुए उन्हें दतिया उपचुनाव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी। सिद्धार्थ कुशवाहा ने इस जिम्मेदारी को बेहद मुस्तैदी, समर्पण और रणनीतिक कौशल के साथ निभाया। उन्होंने अपनी उत्कृष्ट सांगठनिक कुशलता से धरातल पर कार्यकर्ताओं को एकजुट किया और कांग्रेस पार्टी को इस चुनाव में ऐतिहासिक लाभ दिलाया। जिला कांग्रेस कमेटी सतना ने राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व के साथ-साथ दतिया में दिन-रात एक करने वाले कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना की है।

उज़्बेकिस्तान के विदेश मंत्री ने लोस अध्यक्ष व ओबीसी चेयरमैन से की शिष्टाचार भेंट

नवभारत न्यूज

सतना, 24 अगस्त. भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ी।

उज़्बेकिस्तान गणराज्य के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव के नेतृत्व में भारत आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व सतना सांसद एवं ओबीसी संसदीय कमेटी के चेयरमैन गणेश सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद रहे और उनको भारत की संसद का भ्रमण कराया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निमंत्रण पर 3 से 5 अगस्त तक भारत दौरे पर आए उज़्बेकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 अगस्त को प्रस्तावित उज़्बेकिस्तान यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देना है। मुलाकात के दौरान भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच संसदीय सहयोग, द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार तथा विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

भारत प्रवास के दौरान उज़्बेकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल विदेश मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेगा। साथ ही भारत-उज़्बेकिस्तान बिजनेस फोरम में भी भाग लेकर व्यापार और निवेश के नए अवसरों पर विचार-विमर्श करेगा।

कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष आज सतना मे

सतना, 4 अगस्त. कॉंग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष बरमेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा तथा कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव 5 अगस्त को सतना आयेगे । दोनों ही पदाधिकारी पार्टी कार्यालय जय स्तंभ चौक मे प्रात: 11 बजे से सेवादल की समीक्षा बैठक मे भाग लेगे । अपराहन 4:00 बजे से सर्किट हाउस में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओ से मुलाकात करेंगे इसके बाद रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे ।

अनुभूति ने किया बाबूलाल दाहिया का सम्मान

नवभारत न्यूज

सतना, 4 अगस्त. अनुभूति फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त उद्यान, भरहुत नगर में गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया रहे।

अपने प्रेरक उद्बोधन में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के साहित्यिक अवदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनकी कालजयी कविता नर हो, न निराश करो मन को का प्रभावपूर्ण वाचन किया तथा वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उसकी सार्थक एवं प्रेरणादायी व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित अपनी एक भावपूर्ण कविता का भी पाठ किया, जिसने उपस्थित जनों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के सचिव पीयूष गुप्ता ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की उन प्रेरणादायी पंक्तियों का उल्लेख किया जो आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करती हैं। स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष संजय गुप्ता ने दिया।

धवारी में विश्व स्तनपान जागरूकता अभियान का आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना, 4 अगस्त. माँ का दूध अमृत है, इसे कभी पानी न समझें, यही शिशु का पहला और सबसे प्रभावी टीका है।

इसी संदेश के साथ विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत रोटरी क्लब सतना द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, धवारी में माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब सतना के अध्यक्ष रोटे. नितेश बडेरिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी श्री श्याम किशोर द्विवेदी, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वी. के. गांधी एवं डॉ. रश्मि अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। परियोजना अधिकारी श्री विद्याचरण द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. सुनील करखुर ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. वी. के. गांधी ने कहा कि माँ का दूध शिशु के लिए अमृत के समान है। जन्म के बाद के पहले 72 घंटे का गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) प्रोटीन, एंटीबॉडी एवं रोग प्रतिरोधक तत्वों से भरपूर होता है, जो शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है। उन्होंने बताया कि नियमित स्तनपान से शिशु मृत्यु दर में लगभग 16 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है।

एक नजर में

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 128 आवेदकों की समस्यायें

सतना. मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 128 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन मनाया

सतना. पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में विगत 10 वर्ष से अनवरत चल रही योग कक्षा मे 4 अगस्त 2026 को आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिन पर वेंकटेश मंदिर सतना में औषधि पेड़ देकर जड़ी बूटी दिवस मनाया गया जिसमें भारत स्वाभिमान के जिलाप्रभारी दिवाकर त्रिपाठी महा मंत्री हरिओम पांडे कोषाध्यक्ष बैद्यनाथ तिवारी एवं जय नारायण शर्मा डॉक्टर दीपक मिश्रा नरेंद्र नामदेव राम प्रसाद साहू हरिशंकर सिंह धर्मेंद्र श्रीवास्तव के पी सिंह विकाश रामस्वरूप बागरी मुन्नी चतुर्वेदी मायामिश्रा मोनिका सिंह शीला सिंह अनीता जैन सुनीता पांडे उमा तिवारी अनीता सिंह प्रेम कली अंजू पिंकी किरण सभी योग साधक भाई-बहन उपस्थित रहे

सिन्धु विकास समिति ने अर्पित की शोक श्रद्धांजलि

सतना । समाजसेवी हरीश वाधवानी के भाई विनोद वाधवानी विनु के आकस्मिक स्वर्गवास होने से सिन्धु विकास समिति परिवार में शोक की लहर छा गई। समिति कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि श्री वाधवानी को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं घर परिवार को यह दुख-सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में संरक्षक श्रीचंद मनवानी गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी विनोद गेलानी ज्ञान खटवानी इन्द्रलाल आडवाणी श्री चंद शीतलानी घनश्याम मंघरानी मनीष टेकवानी ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।